कार्यालय जनपद न्यायाधीश, गोरखपुर।

न्यायिक प्रतिष्ठान, गोरखपुर में उपलब्ध कम्प्यूटरों के प्रयोगार्थ क्रय किये जाने वाली विभिन्न सामग्रियों हेतु निविदा की नियम व शर्ते

1. माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय के आदेशानुसार जनपद न्यायालय, गोरखपुर में उपलब्ध कम्प्यूटरों के प्रयोगार्थ क्रय किये जाने वाली विभिन्न सामग्रियों के सम्बन्ध में दिनांक 22.01.2019 के अपरान्ह 12:00 बजे तक पंजीकृत एवं अधिकृत फर्मों से सीलबन्द निविदायें आमन्त्रित की जाती है। नियत तिथि के उपरान्त कोई निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
2. निविदा प्रस्तुत करने वाली पंजीकृत/अधिकृत फर्म, सेल टैक्स व राज्य को जमा किये जाने वाले अन्य करों हेतु पंजीकृत होनी चाहिए।
3. सभी प्राप्त निविदाओं को नियत तिथि अथवा अगले कार्यदिवस को प्रातः 11:00 बजे समिति के समक्ष खोला जायेगा। निविदा खुलने के समय फर्म अपने अधिकृत व्यक्ति को भेज सकती है।
4. निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म सभी करो को सम्मिलित करते हुए ही अपना कोटेशन/दर प्रस्तुत करे।
5. निविदा किसी एक या समस्त सामग्रियों की अलग-अलग या एक साथ भी प्रस्तुत की जा सकती है।
6. निविदाएं किसी भी कार्य दिवस पर केन्द्रीय नजारत, जनपद न्यायालय, गोरखपुर से निर्धारित शुल्क रु0 100.00 जमा कर प्राप्त किया जा सकता है।
7. निविदा जमा करते समय फर्म को धरोहर धनराशि के रूप में मुव0-10,000.00 (रुपये दस हजार मात्र) जमा करना अनिवार्य होगा।
8. धरोहर धनराशि वित्तीय नियम संग्रह खण्ड-5 भाग-1 के पैरा 71 के अनुसार राष्ट्रीय बचत पत्र, राष्ट्रीयकृत बैंकों के मियादी जमा रसीदों, बैंक जमा रसीदों इत्यादि के रूप में जनपद न्यायाधीश, गोरखपुर के पक्ष में अथवा नकद रूप में केन्द्रीय नजारत में जमा किया जा सकता है।
9. फर्म की निविदा स्वीकृत न होने की दशा में उनके द्वारा जमा की गयी धरोहर धनराशि निविदाएं खुलने की तिथि अथवा अगले कार्यदिवस पर सम्बन्धित को वापस कर दी जायेगी।
10. निविदाएं किसी भी दशा में, निविदा खुलने की नियत तिथि दिनांक 23.01.2019 से एक दिन पूर्व केन्द्रीय नजारत में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर प्राप्त करवा दी जाय। किसी अन्य माध्यम से प्राप्त किसी भी निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
11. निविदा के आवंटित होने के उपरान्त आबंटी फर्म को समस्त सामग्रियों को जनपद न्यायालय, गोरखपुर के केन्द्रीय नजारत में अपने स्वयं के खर्च पर प्राप्त करवानी होगी।
12. किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मात्र जनपद न्यायालय, गोरखपुर का ही होगा।
13. निविदाओं की नियम व शर्ते किसी भी कार्यदिवस पर केन्द्रीय नजारत से अथवा माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की अधिकारिक वेबसाईट www.allahabadhighcourt.in तथा जनपद न्यायालय, गोरखपुर की अधिकारिक वेबसाईट https://districts.ecourts.gov.in/gorakhpur पर प्राप्त की जा सकती है।

(विष्णु प्रसाद अग्रवाल)
सदस्य समिति/
अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश,
एफ0टी0सी0(महिलाओं के विरूद्ध अपराध)
गोरखपुर।

(प्रफुल्ल कमल)
सदस्य समिति/
अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/
विशेष न्यायाधीश (पी0सी0एक्ट),
कोर्ट सं0-5, गोरखपुर।

(मनोज कुमार राय)
अध्यक्ष समिति/
अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/
विशेष न्यायाधीश पी0सी0 एक्ट, कोर्ट सं0-4,
गोरखपुर।

(विनय कुमार-द्वितीय)
सदस्य समिति/
अपर सिविल जज (सी0डि0),
कोर्ट सं0-1, गोरखपुर।

Approved
17/01/19

कार्यालय जनपद न्यायाधीश, गोरखपुर।

न्यायिक प्रतिष्ठान, गोरखपुर में उपलब्ध कम्प्यूटरों से सम्बन्धित सामग्रियों को क्रय किये जाने हेतु–निविदा फार्म

निविदा संख्या– /2018–19

क्रम संख्या–

पासपोर्ट साईज फोटो चस्पा करें।

निविदा वास्ते– **न्यायिक प्रतिष्ठान, गोरखपुर में उपलब्ध कम्प्यूटरों के प्रयोगार्थ विभिन्न सामग्रियों को क्रय किये जाने हेतु।**

अग्रिम जमा धरोहर धनराशि		
अग्रिम धरोहर राशि जमा करने का माध्यम		
आवेदक फर्म का नाम		
फर्म के प्रोपराईटर का पूरा नाम		
आवेदक फर्म का पत्र व्यवहार का पूरा पता		
आवेदक फर्म के कार्यालय का पूरा पता		
आवेदक फर्म से सम्पर्क हेतु दूरभाष/सचल दूरभाष संख्या	1.	2.
आवेदक फर्म के अधिकृत विक्रेता से सम्बन्धित प्रमाण–पत्र (छायाप्रति संलग्न करें)		
निविदा किस वस्तु हेतु प्रस्तुत की जा रही है का पूर्ण विवरण (सूची संलग्न करें)		

निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म के दो परिचय दाताओं का नाम व पता–

1. हस्ताक्षर...
   नाम...
   पता...
   ....

2. हस्ताक्षर...
   नाम...
   पता...
   ....

घोषणा

यह निविदा प्रस्तुत करने से पहले मैंने सभी नियम व शर्तों को भली–भॉति पढ़ लिया है और यह निविदा विज्ञप्ति की नियम व शर्तों के अधीन प्रस्तुत की जा रही है। जितनी सामग्रियों के लिए यह आदेश प्रस्तुत किया जायेगा उतनी संख्या में सामग्रियॉ उपलब्ध करायी जायेगी, जिसके लिए हमारी सहमति है और इस बात को ध्यान में रखते हुए निविदा प्रस्तुत की गयी है।

आवेदक/निविदादाता/निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि के हस्ताक्षर

न्यायिक प्रतिष्ठान, गोरखपुर में उपलब्ध कम्प्यूटरों से सम्बन्धित क्रय किये जाने वाली सामग्री की सूची:–वित्तीय वर्ष 2018–2019

क्रम संख्या	लेखन सामग्री का नाम
1.	DVD Rewritable
2.	DVD Read Only
3.	Air Blower
4.	Crimping Tool
5.	RJ 45
6.	Index File
7.	टोनर कार्ट्रिज (Model-30A)
8.	ड्रम (Model-32A)
9.	टोनर कार्ट्रिज (Model-88A)
10.	रीफिल्ड टोनर कार्ट्रिज (Model-88A)